

WHISPERS IN THE CORRIDORS.COM
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

**● क्या 2029 के चुनावों में कोई नया गठबंधन बनेगा ?**

ऐसी आशंका है कि टीएमसी, एसपी और डीएमके कुछ क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के साथ मिलकर 2029 के चुनावों में तीसरा गठबंधन बनाएंगे। आगे दिलचस्प घटनाक्रम देखने को मिलेगा।

**● क्या सुनील बंसल उत्तर प्रदेश लौटेंगे ?**

उत्तर प्रदेश के दिग्गज नेता सुनील बंसल भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव रह चुके हैं और बाद में उत्तर प्रदेश से बाहर चले गए। अगले साल की शुरुआत में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि उन्हें राज्य में फिर से कोई महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी जा सकती है।

**● पूर्व सांसद ने टीएमसी को आक्रोश के खिलाफ चेतावनी दी थी**

राज्यसभा सांसद जवाहर सिरकार, जिन्होंने आरजे रथ कांड के बाद टीएमसी छोड़ दी थी, ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी के खिलाफ बढ़ते आक्रोश की चेतावनी दी थी। 2024 में सौंपे गए अपने इस्तीफे पत्र में, सिरकार ने ममता सरकार की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को प्रभावी ढंग से न संभालने के लिए कड़ी आलोचना की थी और कहा था कि सत्ताधारी दल के नेताओं के खिलाफ काफी आक्रोश है।

**● क्या लोग वाकई टीएमसी से नाराज हैं ?**

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी के नेताओं पर कथित तौर पर हमले हो रहे हैं। राज्य में दो महत्वपूर्ण नेताओं और सांसदों – अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी पर हमले की खबरें हैं। एक सांसद और कुछ नेताओं ने टीएमसी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। टीएमसी ने इस हमले के पीछे भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है, जबकि भाजपा ने इसका पुरजोर खंडन करते हुए आरोप लगाया है कि जनता को टीएमसी के 15 साल के शासनकाल में प्रताड़ित किया गया था और अब वे टीएमसी नेताओं को पीट रहे हैं।

## प्रशासनिक

**● क्या कामत एनआईबीई में शामिल होंगे ?**

ऐसी खबरें हैं कि डीआरडीओ के निवर्तमान अध्यक्ष समीर कामत, एनआईबीई डिफेंस एंड एयरोस्पेस के बोर्ड में शामिल हो रहे हैं। एनआईबीई एक रक्षा विनिर्माण कंपनी है जो भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित है। अब बस इंतजार करके ही देखा जा सकता है।

**● प्रधानमंत्री मोदी 8 जून को भारतीय संपादकों से मुलाकात कर सकते हैं**

सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 8 जून को दिल्ली के भारत मंडपम में कुछ भारतीय संपादकों से मुलाकात कर सकते हैं।

**● 2009 बैच के आईआरएस अधिकारी अगले साल कमिश्नर बनेंगे**

पूरी संभावना है कि 2009 बैच के आईआरएस (सी एंड सीई) अधिकारियों को अगले साल कमिश्नर के पद पर पदोन्नत किया जाएगा।



**● अनुराधा ठाकुर को व्यय सचिव का अतिरिक्त प्रभार**

व्यय विभाग की सचिव अनुराधा ठाकुर को व्यय विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वह हिमाचल प्रदेश कैडर की 1994 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

**● आवेदक की जांच के बिना वीआर को मंजूरी नहीं दी जा सकती ?**

सूत्रों की मानें तो भविष्य में सरकार आवेदक की सेवा अवधि सहित उचित जांच किए बिना किसी भी वीआरएस मामले को मंजूरी नहीं देगी। आयकर विभाग को औसतन प्रति वर्ष 20 वीआरएस आवेदन प्राप्त होते हैं, लेकिन सूत्रों का कहना है कि सरकार ऐसे मामलों को मामूली आधार पर मंजूरी देने की संभावना नहीं है।

**● पीईएसबी ने ओएनजीसी के निदेशक (उत्पादन) के लिए भास्कर चौधरी की सिफारिश की**

पीईएसबी ने ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) में निदेशक (उत्पादन) के पद के लिए कार्यकारी निदेशक श्री भास्कर चौधरी नेटम के नाम की सिफारिश की है।

**● आईपीएस महेश कुमार अग्रवाल ने तमिलनाडु के डीजीपी के रूप में कार्यभार संभाला**

महेश कुमार अग्रवाल ने तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में कार्यभार संभाला है। वे तमिलनाडु कैडर के 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

**● मनीषा सक्सेना स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) में संयुक्त सचिव**

सुश्री मनीषा सक्सेना (आईआरएस (सी एंड सीई) 2000 बैच की अधिकारी) ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यभार संभाला। इससे पहले वे भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) में वरिष्ठ उप महानिदेशक के पद पर कार्यरत थीं और इसके प्रशासन का कार्यभार संभालती थीं। आईसीएमआर से डीएचआर में यह पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति है।

**● अतीक को कर्नाटक के मुख्यमंत्री का वित्तीय सलाहकार नियुक्त किया**

पूर्व आईएएस अधिकारी अतीक एलके को कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का वित्तीय सलाहकार नियुक्त किया गया है। वे बेंगलुरु बिजनेस कॉरिडोर के अध्यक्ष के रूप में भी अपना पदभार संभालते रहेंगे।

**● कर्नाटक के मुख्यमंत्री सचिवालय में डीकेएस को 2 वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मिले**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को दो आईएएस अधिकारियों को मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के सचिव के रूप में नियुक्त किया। 1993 बैच के तुषार गिरि नाथ को मुख्यमंत्री का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है और उन्हें शहरी विकास विभाग के मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

**● आईआईएस के 5 अधिकारियों को जनसंपर्क विशेष संवाददाता नियुक्त किया गया**

एमआईबी ने पांच आईआईएस अधिकारियों को विशेष संवाददाता नियुक्त किया है। तदनुसार, रितेश चौधरी कोलंबो जाएंगे जबकि अखिलेश शर्मा ढाका जाएंगे। मनीष शिव जिले को दुबई विशेष संवाददाता नियुक्त किया गया है। अरविंद कुमार जैन काठमांडू जाएंगे और सुश्री मंजू मीना को बीजिंग में तैनात किया गया है।

**● रोहित कुमार को उनके मूल कैडर में वापस भेजा**



राजस्थान सरकार के अनुरोध पर, एसीसी ने नीति आयोग के अतिरिक्त सचिव रोहित कुमार को विस्तारित शीतलन अवधि के साथ उनके मूल कैडर में वापस भेजने की मंजूरी दे दी है। वे राजस्थान कैडर के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

### मुख्यमंत्री योगी ने दिए सभी होटलों–भवनों की फायर सेफ्टी आडिट के निर्देश

# गड़बड़ी मिलने पर नपेंगे अधिकारी और गरजेगा बुलडोजर



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अग्निशमन सुरक्षा सुनिश्चिचत करने के लिए सभी बहुमंजिला भवनों, सरकारी व निजी दफ्तरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी व गैर सरकारी अस्पताल और होटलों की व्यापक स्तर पर सघन जांच करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं।

दिल्ली में आग लगने की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी ने संबंधित विभागों को जांच कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि संबंधित भवनों में आग से बचाव के सभी उपाय हैं या नहीं। अन्यथा घटना होने की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही होगी। माना जा रहा है कि अब नियमों के खिलाफ होटलों—दुकानों और शोरूम व अन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ बुलडोजर जैसी कार्रवाई हो सकती है।

दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने की दुखद घटना में 21 लोगों की मौत व कई अन्य घायल हुए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने इस घटना के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में भवनों में आग से बचाव के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ?ताकि किसी प्रकार के हादसे में जान की रक्षा की जा सके; मुख्यमंत्री योगी ने जीवन को अमूल्य बताते हुए भवनों में अग्नि व अन्य कारणों से होने वाली घटनाओं से व्यक्ति को बचाया जा सके; इसके लिए लोक निर्माण विभाग,विद्युत सुरक्षा निदेशालय, स्थानीय व नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग और संबंधित संस्थाओं के अधिकारी अपने—अपने क्षेत्र में स्थिति भवनों की गहन जांच करें और देखें सुरक्षा के मानकों का पालन हो रहा है या नहीं । अग्निशमन के सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्धता की क्या स्थिति है । अगर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा है तो जरूरी कार्यवाही करते हुए मानकों का पालन कराकर हादसों की रोकथाम को सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने अपने आदेश में आगे कहा कि अग्निशमन सुरक्षा, पीडब्ल्यूडी आदि विभागों को निर्देश दिए है कि जांच कर फायर सेफ्टी आडिट की जाए। सभी होटलों की स्पेशल जांच कर ऑडिट की जाए। सभी परिसरों में आग बुझाने वाले उपकरणों, आपातकालीन निकास और पानी की उपलब्धता की बारीकी से जांच कर लें।

चेकिंग के दौरान जिन भी इमारतों या होटलों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी पाई जाएगी, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर जल्द से जल्द सेफ्टी ऑडिट पूरा करें और कमियों को दूर कराएं। 'जनता की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद प्रशासन और पुलिस बल की कार्रवाई तेज हो गई है।

# उत्तर प्रदेश में 206 पुलिस अफसरों का स्थानांतरण



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में गुरुवार को बड़े पैमाने में पुलिस विभाग में तबादला हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 206 पीपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। लखनऊ में तैनात तकरीबन 12 डिप्टी एसपी का भी तबादला हुआ है।

तबादले के क्रम में मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र कुमार द्वितीय को शाहजहांपुर भेजा गया है। महाराजगंज में तैनात अनुरूद्ध कुमार को महाराजगंज महोबा, अशोक कुमार मिश्रा द्वितीय को भदोही से सेना नायक 30वीं वाहिनी पीएसी गोण्डा, अभिषेक सिंह को कौशांबी से बलरामपुर, अजय कुमार श्रोतिया को झांसी से अमरोहा, पंकज पंत को शाहजहांपुर से रामपुर, उदय प्रता सिंह द्वितीय के गोरखपुर से लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया है। लखनऊ में तैनात सतीश कुमार राय को मेरठ में पीएसी की छठवीं वाहिनी भेजा गया है।

लखनऊ में तैनात सहायक पुलिस आयुक्त अभय कुमार मल्ल को बलरामपुर, महोबा में तैनात गौरव उपाध्याय और अंबेडकरनगर में तैनात शुभम कुमार को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर नियुक्ति हुई है। मुख्यमंत्री सुरक्षा से वाराणसी कमिश्नरेट भेजे गए राजेश कुमार सिंह को अब लखनऊ कमिश्नरेट में तैनाती मिली है।

कासगंज में तैनात शाहिदा नसरीन को लखनऊ कमिश्नरेट, तो वहीं लखनऊ में तैनात शिप्रा पांडेय को डीजीपी मुख्यालय में आईजी कानून–व्यवस्था के कार्यालय में तैनात किया गया है। अनुष्का को लखनऊ से प्रयागराज स्थित पीएसी की चतुर्थ वाहिनी, सुरेंद्र शर्मा को लखनऊ से बरेली में पीएसी की 8वीं वाहिनी, वीरेंद्र विक्रम को लखनऊ से कानपुर कमिश्नरेट भेजा गया और अतुल कुमार पांडेय को रामपुर से लखनऊ कमिश्नरेट में नवीन तैनाती दी है। इसी तरह अन्य पुलिस अफसरों का स्थानांतरण हुआ है।

## बरेली शहर में केबिल बॉक्स में लगी आग से मची अफरा-तफरी, दमकल टीम ने पाया काबू



**बरेली ।** उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली के सिविल लाइंस क्षेत्र में हिंद टॉकीज के पास गुरुवार सुबह बिजली के केबिल बॉक्स में आग लगने से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। समय रहते फायर ब्रिगेड के पहुंचने से बड़ा हादसा टल गया। आग की घटना में केबिल बॉक्स पूरी तरह जल गया, हालांकि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे हिंद टॉकीज के पास सड़क किनारे रखे कूड़े में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पास में लगे बिजली के केबिल बॉक्स को अपनी चपेट में ले लिया। केबिल बॉक्स से उठती तेज लपटें और धुएं को देखकर आसपास मौजूद दुकानदारों और राहगीरों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और राहत कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आसपास लगे अन्य विद्युत उपकरण और दुकानें भी इसकी चपेट में आ सकती थीं। आग लगने से केबिल बॉक्स पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की सूचना विद्युत विभाग को भी दे दी गई है, ताकि बिजली व्यवस्था को जल्द बहाल कराया जा सके।

# धुंधी कटरा बाजार में बनी दुकानों में लगी आग चार घंटे तक आग बुझाते रहे अग्निशमन कर्मी



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मीरजापुर :** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में गुरुवार की सुबह नगर के धुंधी कटरा बाजार में अचानक धुएं और आग की लपटों से घिर गया। देखते ही देखते एक दुकान से उठी आग ने आसपास के प्रतिष्ठानों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। भीषण आग देख बाजार में मौजूद लोगों के बीच अफरा–तफरी मच गई और दुकानदार अपने सामान को बचाने के लिए जान जोखिम में डालकर भाग–दौड़ करते नजर आए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसमान में उठता काला धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। आग इतनी भीषण थी कि घंटों की मशक्कत के बाद भी उस पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका।

दुकानदार शैलेंद्र ने बताया कि अचानक दुकान से धुआं निकलना शुरू हुआ और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटों की तीव्रता के आगे प्रयास नाकाफी साबित हुए। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर बाजार के आसपास बैरिकेडिंग कर आम लोगों की आवाजाही सीमित कर दी और काफी देर तक दमकल कर्मी आग पर पूरी तरह काबू पाने के लिए जुटे रहे।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस अग्निकांड में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।आग की जानकारी मिलते ही नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रभावित व्यापारियों से बातचीत कर नुकसान का जायजा लिया तथा राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने व्यापारियों से अपनी दुकानों का बीमा कराने की अपील करते हुए कहा कि ऐसी आपदाओं के समय बीमा आर्थिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है।

# टीजीटी परीक्षा में फर्जीवाड़ा, चार अभ्यर्थी गिरफ्तार

## अभ्यर्थी दूसरों की जगह दे रहे थे परीक्षा, फिंगरप्रिंट और चेहरा सत्यापन में सामने आई गड़बड़ी



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** लखनऊ में आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक परीक्षा के दौरान बुधवार को चार अलग–अलग परीक्षा केंद्रों पर चार फर्जी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी दूसरों की जगह परीक्षा दे रहे थे। बायोमैट्रिक, फिंगरप्रिंट और चेहरे के सत्यापन के दौरान इनकी पहचान उजागर हुई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

पहला मामला हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बप्पा श्री नारायण व्यावसायिक बालिका इंटर कॉलेज का है, जहां परीक्षा समाप्त होने के बाद आधार सत्यापन के दौरान गड़बड़ी सामने आई। जांच में पता चला कि जौनपुर निवासी एक युवक दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। केंद्र प्रशासन ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

दूसरा मामला महानगर थाना क्षेत्र के आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज का है, जहां अमरजीत सिंह नाम के अभ्यर्थी के स्थान पर आजमगढ़ निवासी युवक परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। परीक्षा समाप्ति के बाद जब बायोमैट्रिक जांच की गई तो फिंगरप्रिंट और चेहरे का मिलान नहीं हुआ, जिससे फर्जीवाड़ा उजागर हो गया।

तीसरा मामला नाका हिंडोला क्षेत्र स्थित एक महाविद्यालय का है, जहां दूसरी पाली की परीक्षा के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र प्रशासन की संयुक्त जांच में एक युवक को दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान प्रयागराज निवासी के रूप में हुई।

चौथा मामला अमीनाबाद क्षेत्र के एक विद्यालय का है, जहां जांच टीम ने अंबेडकर नगर निवासी युवक को दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा। सत्यापन के दौरान उसकी असली पहचान सामने आई और उसे तुरंत पुलिस के हवाले कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार सभी मामलों में संबंधित थानों में भारतीय न्याय संहिता और उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अध्यादेश 2024 के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस फर्जीवाड़े में कोई संगठित गिरोह तो शामिल नहीं है।

अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आगे और सख्त निगरानी की जाएगी। इस घटना के बाद परीक्षा व्यवस्था की सुरक्षा और सत्यापन प्रणाली को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

## विमानों की इमरजेंसी लैंडिंग

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** दिल्ली में गुरुवार दोपहर अचानक मौसम खराब होने के कारण विमान संचालन प्रभावित हुआ। खराब मौसम के चलते दिल्ली जाने वाली चार उड़ानों को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। गोवा से दिल्ली जा रही अकासा एयरलाइंस की उड़ान (क्यूपी–1814) को दिल्ली में लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं सिमरन नाहर W/O श्री कार्तिक नाहर निवासी मकान नं. 272 स्ट्रीट नं. 1 कोच फैक्ट्री रोड़ भोपाल। मेरा विवाह पूर्व में स्व. श्री अभिषेक धावरी से हुआ था इनसे मुझे एक पुत्र है जिसका नाम–रिशब धावरी है। अतः वर्तमान में मेरा विवाह कार्तिक नाहर से हो गया है जिनका नाम मेरे आधार में अंकित है मेरे पुत्र रिशब धावरी को शासकीय रिकार्ड में सुधार कर अब से रिशब नाहर के नाम से ही जाना पहचाना लिखा व पढ़ा जाएं।

SIMRAN NAHAR
W/o KARTIK NAHAR

519

**न्यायालय अपर कलेक्टर (मुख्यालय) भोपाल म.प्र.**
**(ए–ब्लाक पुराना सचिवालय कक्ष क्रमांक–127)**
**प्रकरण क्रमांक 0024/अपील/2025–26**

**सूचना पत्र**

**प्रति,** 1. मधु भार्गव पुत्री देवकीनंदन पत्नि पी.डी. भार्गव, निवासी–पीएल–53, इंडस फेस–2 अयोध्या बायपास, भोपाल, 2. ममता भार्गव पुत्री श्री देवकीनंदन पत्नि श्री हरिचरण आचार्य, निवासी– 666, शाहपुरा भोपाल, 3. संतोष भार्गव पुत्र देवकीनंदन निवासी– ई–2/259, अरेरा कॉलोनी भोपाल। **एतद द्वारा** आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज भार्गव पुत्र श्री देवकीनंदन निवासी–ई–2/259, अरेरा कॉलोनी भोपाल द्वारा न्यायालय नजूल अधिकारी टी.टी. नगर वृत भोपाल के प्रकरण क्रमांक 0112/अ–6/2009–10 में पारित आदेश दिनांक 08.04.2011 के विरूद्ध संहिता की धारा 44(1) के अंतर्गत अपील प्रस्तुत की गई है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में आप हितवद्ध पक्षकार है। अतः आप अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु आधिपत्य एवं अन्य संबंधी दस्तावेज सहित आप स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण सुनवाई दिनांक 12/06/2026 को दोपहर 3.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। आपकी अनुपस्थिति की दशा एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये आगामी कार्यवाही प्रारंभ कर दी जायेगी।

**अपर कलेक्टर (मुख्यालय) भोपाल म.प्र.**

520

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
**प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन–1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल**

प्रापर्टी आई.डी. नं. 1060200020, आवेदन क्रमांक–12215, आवेदन दि. 21/05/2026
क्रमांक 2053/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल
दिनांक 03/06/2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की कोहेफिजा योजना भूखण्ड क्रमांक 21 सेक्टर–D आवंटी श्रीमती रितु ज्ञानचंदानी पत्नी श्री कन्हैयालाल ज्ञानचंदानी के नाम पर अंकित है। आवंटी श्रीमती रितु ज्ञानचंदानी द्वारा मुख्तार आम श्री ईंधनदास बाधवानी, श्रीमती कला बाधवानी पत्नी श्री ईंधनदास बाधवानी, श्री जयराम बाधवानी आत्मज श्री ईंधनदास बाधवानी, श्रीमती शीला बाधवानी पत्नी श्री जयराम बाधवानी, श्री प्रकाश बाधवानी, श्रीमती सारणी बाधवानी पत्नी श्री प्रकाश बाधवानी, श्री राजकुमार बाधवानी एवं श्रीमती रीटा बाधवानी द्वारा भूखण्ड पर बहुमंजिला भवन का निर्माण कर भूखण्ड पर निर्मित प्रकोष्ठ क्रमांक G–3 भूतल स्थित जिसका क्षेत्रफल 490 वर्गफुट का विक्रय श्रीमती माया डोडानी पत्नी श्री के.सी. डोडानी को कर विक्रय पत्र दिनांक 18/08/1998 को पंजीकृत कराया गया । श्रीमती माया डोडानी द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर प्रकोष्ठ क्रमांक G–3 का नामानतरण/नाम सम्मलित अपने नाम पर चाहा है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य /दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा /आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी, भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

521

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र–2, अयोध्या नगर, भोपाल**

**आम सूचना**

पटेल नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड /भवन क्रमांक जूनि. एम.आई.जी (डी) 217 मण्डल द्वारा श्री हीरालाल जैन आत्मज श्री मिश्रीलाल जैन के नाम पर भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 2233–36 दिनांक 27/06/2009 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 08/10/2009 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। श्री हीरालाल जैन आत्मज श्री मिश्रीलाल जैन (पिता जी) की दिनांक 29/01/2018 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र श्री अभिषेक जैन आत्मज स्व. श्री हीरालाल जैन के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मूल आवंटी के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ–पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री अभिषेक जैन आत्मज स्व. श्री हीरालाल जैन के नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र–2, अयोध्या नगर, भोपाल**

522


## आपका राशिफल 05 जून

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपकी योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान–सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे। शुभांक–2–5–7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक–2–5–6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन–देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक–1–4–8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यार–दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक–2–6–8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन–पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक–3–5–8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): खान–पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान–सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह–सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक–3–5–8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान–सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद–प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक–1–3–5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा–गोष्ठियों में मान–सम्मान बढ़ेगा। शुभांक–5–7–9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा–गोष्ठियों में मान–सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प–परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक–1–6–8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुख–आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक–1–3–8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख–आराम प्रभावित होगा। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा–गोष्ठियों में मान–सम्मान बढ़ेगा। शुभांक–5–7–9